मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः04.12.2024

थाना लालगंज फीलिंग स्टेशन की लूट से सम्बन्धित 02 शातिर बदमाश (लुटेरे) पुलिस मुठभेड़ में घायल, सहित कुल 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, मौके से अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल तथा लूट की धनराशि 223580 रूपये बरामद —

दिनांक 01/02.12.2024 कि रात्रि को थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत स्थित ज्ञान गंगा फीलिंग स्टेशन में अज्ञात 02 व्यक्तियों (बदमाश) द्वारा तमंचा दिखाकर कैश काउण्टर से कैश लेकर फरार होने की घटना कारित की गयी थी। तत्समय पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा फील्ड यूनिट व थाना लालगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 277/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व थानाध्यक्ष लालगंज को निर्देशित किया गया।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व थाना लालगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मुखबीर के सुचना के आधार पर आज दिनांकः 04.12.2024 को थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम पगार के पास अभियुक्त रोशन पटेल पुत्र फौजदार पटेल निवासी मिश्रलहोली थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के क्रम में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत चितांग मोड़ आर्मी कम्पाउण्ड के पास से पुलिस मुठभेड़ में घटना से सम्बन्धित 02 अन्य अभियुक्तगण 1. विशाल बिन्द उर्फ रंगीलाल पुत्र शोभा बिन्द निवासी राजपुर आमघाट थाना पड़री जनपद मीरजापुर व 2. नीलय सरकार उर्फ बंगाली दादा पुत्र निर्मल सरकार निवासी बाइरगाजी जनपद नादिया पश्चिम बंगाल, हालपता - देवापुर पचवल थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। दौराने गिरफ्तारी अभियुक्तों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु मण्डलीय चिकित्सालय मीरजापुर भिजवाया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा स्थिति सामान्य बताई गयी। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस मुठभेड़ की घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा 302 बोर (डबल बैरल) मय 03 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस तथा 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 मिस कारतूस, 01 अदद कटारी (अवैध चाकू), लूट की धनराशि 223580 रूपये तथा एक अदद होन्डा साइन मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.विशाल बिन्द उर्फ रंगीलाल पुत्र शोभा बिन्द निवासी राजपुर आमघाट थाना पड़री जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-45 वर्ष। 2.नीलय सरकार उर्फ बंगाली दादा पुत्र निर्मल सरकार निवासी बाइरगाजी जनपद नादिया पश्चिम बंगाल, हालपता - देवापुर पचवल थाना को0देहात जनपद मीरजापुर उम्र करीब-20 वर्ष।

3.रोशन पटेल पुत्र फौजदार पटेल निवासी मिश्रलहोली थाना को0देहात जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 22 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

01 अदद अवैध तमंचा 302 बोर (डबल बैरल) मय 03 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस तथा 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 मिस कारतूस तथा 01 अदद कटारी (अवैध चाकू)।

तीनों अभियुक्तो के पास से लूट की धनराशि 223580 रूपये नगद।

एक अदद होन्डा साइन मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद।

घटना स्थल/गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक—

चितांग मौड़ आर्मी कम्पाउण्ड के पास से, आज दिनांकः 04.12.2024 को।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय पुलिस टीम।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।